नैक (NAAC) द्वारा ‘A’ ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

सुषमा स्वराज के निधन से विश्वविद्यालय को हुई क्षति - कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

वर्धा, दि. 08 अगस्त 2019 : पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज विलक्षण व्यक्तिमत्व और प्रतिभा की धनी थी। विश्वविद्यालय के साथ उनका लगाव काफी गहरा था। विश्वविद्यालय के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन से विश्वविद्यालय को काफी

क्षति पहुंची है इन शब्दों में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने सुषमा स्वराज के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारत की पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 07 अगस्त को भावमीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुषमा स्वराज का 06 अगस्त की रात को दिल का दौरा पडने से निधन हो गया। उनके निधन पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा रखी गई। कार्यकारी कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने शोक प्रस्ताव पढ़कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।